मध्यप्रदेश शासन

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

:: आदेश ::

भोपाल दिनांक 05 / 10 /2023

क्र. एफ IPI/5/0006/2023/ए-ग्यारह:: राज्य शासन एतद् द्वारा निर्णय लिया गया कि मेसर्स एशियन पेंट्स लि. द्वारा औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर सेक्टर- 7 जिला धार में रूपये 2,070.00 करोड के स्थाई पूंजी निवेश से पेंट्स, इमलशन तथा रेजिंस आदि निर्माण परियोजना की स्थापना संबंधी प्रस्ताव (DIPIP2302090001) पर निम्नानुसार सुविधायें दी जायें-

1. **निवेश प्रोत्साहन सहायता** - उद्योग संवर्धन नीति 2014 (यथा संशोधित) में प्रावधानित निवेश प्रोत्साहन सहायता परियोजना अंतर्गत यंत्र-संयंत्र तथा भवन में किये गये निवेश पर 20 प्रतिशत की स्थिर दर से, अधिकतम रू. 400 करोड़ की सीमा तक, रोजगार गणक सहित, शर्तों के अध्याधीन प्रदान की जाये।

2. **विद्युत शुल्क से छूट**- परियोजना अंतर्गत नवीन विद्युत कनेक्शन पर वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने की दिनांक से 5 वर्ष हेतु विद्युत शुल्क से छूट प्रदान की जाये।

3. **औद्योगिक क्षेत्र में भूमि आवंटन** - परियोजना हेतु औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर सेक्टर - 7 जिला धार में उपयुक्त भूमि का आवंटन किया जाये। परियोजना हेतु प्रब्याजी, विकास शुल्क आदि की गणना प्रचलित भू-आवंटन नियम अनुसार की जाये।

4. परियोजना को स्वीकृत सुविधाओं का लाभ इस शर्त पर प्राप्त होगा कि परियोजना में इस परिप्रेक्ष्य में आदेश जारी होने की दिनांक से प्रतिबद्ध निवेश के साथ 3 वर्ष में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ कर लिया जाये।

5. इकाई द्वारा वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के उपरांत एमपीआईडीसी में आवेदन प्रस्तुत करने पर स्वीकृत सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

6. परियोजना को उद्योग संवर्धन नीति, 2014 (यथा संशोधित) अन्तर्गत प्रावधानित अन्य सुविधाओं का लाभ विहित शर्तों के अध्याधीन प्राप्त होगा।

7. कम्पनी की शेष अन्य मांगों को अमान्य किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(संजय कुमार शुक्ल)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

निरंतर ....

पृ. क्र. IPI/5/0006/2023/ए-ग्यारह भोपाल, दिनांक 05/10/2023

प्रतिलिपि:-

1. उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग/ऊर्जा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
3. आयुक्त, इन्दौर संभाग इन्दौर।
4. कलेक्टर, जिला- धार।
5. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. भोपाल।
6. आथोराइज्ड सिग्नेटरी, मैनेजिंग डायरेक्टर एण्ड सी.ई.ओ., मेसर्स एशियन पेंट्स लि., एशियन पेन्ट्स हाऊस, 6ए, शांतिनगर, सांताक्रूज (ईस्ट) मुंबई, पिन- 400055.

- की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग